## सार-समाचार

### संस्था प्रधान को हटाने की मांग, धरना जारी

**सादुलपुर, (निसं)।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ सदस्यों का धरना सीबीईओ कार्यालय के सामने शुक्रवार को चौथे दिन भी लगातार जारी रहा। साथ ही एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। शाम 5 बजे दी जानकारी के अनुसार समिति के संयोजक सुदर्शन चांवरिया एवं सहसंयोजक राधा यादव ने बताया कि प्राचार्य डॉ. सुशीला बलौदा द्वारा वरिष्ठ अध्यापक सुमेर सिंह के साथ थप्पड़ मारने की घटना की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करने, स्टाफ सदस्यों के साथ लगातार हो रहे दुर्व्यवहार एवं शोषण की जांच करने, विभिन्न सरकारी योजनाओं में हुए गबन की जाँच तथा प्रधानाचार्य को विद्यालय से हटाने तक धरना जारी रहेगा। आज धरने पर शिक्षक संघ शेखावत के जिला मंत्री वेदपाल मलिक, प्रदेश कार्यकारिणी उपसभा अध्यक्ष रतन सिंह पूनियां, प्रदेश संरक्षक ओमप्रकाश मुहाल, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह पूनियां, जिला उपाध्यक्ष निहाल सिंह स्वामी, ब्लॉक प्रवक्ता नरेश राय, सदस्य सोमवीर, कृष्ण पूनियां, रमेश पूनियां, सौरभ जांगिड़, सद्दीक खान, अनिल पूनियां शिक्षक संघ रेसला से जिला अध्यक्ष अमित सहारण, कोषाध्यक्ष गूगन जांगिड़, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश श्योराण, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज गोठवाल, ब्लॉक कोषाध्यक्ष रणपत पूनियां, रजनीश, मनोज नेहरा, मायाचंद बेनीवाल, ओमप्रकाश मीणा, उम्मेद सुनिया, दिनेश सांगवान, संजय व भीम की उपस्थिति में स्टाफ सचिव शमशेर खान, उप सचिव सीमा मान के साथ स्टाफ सदस्य धरने पर बैठे। शिक्षक संघ रेसला ने धरने को समर्थन दिया।

### पक्षियों के लिए परिंडे लगाये

**सीकर (निसं)।** सीकर के रोडवेज बस डिपो स्थित काली मंदिर कच्ची बस्ती में गर्मी के मौसम को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए जगह-जगह परिंडे लगाये गये। जिससे पेड़ों सहित अन्य जगहों पर परिंडों को बांधकर परिंडों में प्रतिदिन पानी की व्यवस्था की गई। प्रियंक जैन ने बताया प्रदेश में सबसे अधिक गर्मी वाले क्षेत्र में शेखावाटी की गर्मी बेहाल करने वाली है आसमान से बरसते अंगारों के बीच यहां आम-जन जीवन सब कुछ प्रभावित हो जाता है ऐसे में इन बेजुबानो को गर्मी के प्रकोप से बचाने के लिए सभी को परिंडे लगा कर पक्षीयो को बचाना चाहिये और परिंडे लगाना ही उद्देश्य नहीं अपितु पानी भी प्रतिदिन परिंडे में डालना चाहिए।साथ ही करणी सेवा संस्थान के अध्यक्ष शैतान सिंह काव्या ने कच्ची बस्ती के निवासियों को अपने घरों के आंगन व सार्वजिनक स्थानों पर अधिक से अधिक परिंडा लगाने की अपील की। इस मौके पर वासुदेव सोनी शैतान सिंह काव्या आलोक काला धोद जय कुमार छाबड़ा हर्ष प्रियंक गंगवाल कोछोर ने परिडे लगाने में सहयोग किया और साथ ही वही कच्ची बस्ती के निवासी अशोक गुजराती,नीतु, राम लाल, सुरेंद्र भोपा,धर्मा बंजारा हर रोज पानी डालने का संकल्प भी लिया।

### स्कूल आठ पंखे भेंट किये

**रतनगढ़ (निसं)।** तहसील के गांव नोसरिया की राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में गर्मी से बचाव हेतु दानदाता ने पंखे भेंट किए है। भामाशाह प्रेरक अध्यापक पंकज पीपलवा ने बताया कि गांव नोसरिया निवासी समाजसेवी पाबूदान सिंह पुत्र स्व सोहन सिंह चौहान द्वारा विद्यालय में पंखो की कमी के कारण विद्यार्थियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए कुल 8 पंखे प्रदान किए है, ताकि गर्मी के इस मौसम में विद्यार्थियों को परेशानी का सामना नहीं करना पडे। इस अवसर पर उपस्थित भामाशाह प्रतिनिधि कुम्भ सिंह राजपुरोहित का विद्यालय परिवार द्वारा माला व दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान अभिनन्दन किया गया।संस्था प्रधान गोपाल कृष्ण पारीक ने विद्यालय में सहयोग के लिए दानदाता चौहान परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कुम्भ सिंह राजपुरोहित ने समाजसेवी पाबूदान सिंह द्वारा शिक्षा, गौशाला एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुवे बताया कि इससे पूर्व भी चौहान ने गांव गोलसर की गोशाला में 2 लाख 25 हजार रूपये की लागत से टीन सेट निर्माण, नारायण सामुदायक भवन नोसरिया में 1 लाख 21 हजार रूपये सामाजिक कार्य के लिए उपयोग व सीनियर स्कूल नोसरिया में सीसीटीवी कैमरा सहित अनेक कार्य करवाये है। इस अवसर पर अध्यापक पंकज जांगिड, सरोज थोरी, गायत्री स्वामी, जाना, प्रेम सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों का अभिनंदन किया

**सादुलपुर, (निसं)।** बिहार में चल रहे 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' में कल्लरिपयटू मार्शल आर्ट में 'लक्ष्या योद्धा खेल अकादमी राजगढ़' के 7 खिलाड़ियों का खेलो इंडिया में चयन हुआ है। जिसमें 2 विद्यार्थी ने कोच विंनोद कुमार नामदेव के निर्देशन में हाई किक में मोहित छींपा ने सिल्वर व अलीशा ने ब्रॉन्ज मैडल जीतकर राजस्थान और राजगढ़ को गौरवान्वित किया। शुक्रवार दोपहर 2 बजे दी जानकारी में राजगढ़ पहुंचने पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, एसीबीईओ प्रथम दीवान सिंह सुरा, विजय कुमार बड़सरा अध्यापक, रमेश कश्यप, मनोज स्वामी, अनूप पुनिया आरएलपी नेता, सुदर्शन वर्मा, मनीत सागू, रोहिला नर्सिंग होम का स्टाफ, क्यूम गहलोत, फारूक खान व लाल मोहम्मद आदि लोगों ने एवं गणमान्य जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों शिक्षाविदों के द्वारा खिलाडियों का माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। कोच विनोद नामदेव व जुनियर कोच परितोष का उत्साह वर्धन किया गया। स्वागत रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### धरने को समर्थन दिया

**सादुलपुर, (निसं)।** रेसला संगठन चूरू द्वारा रेसला जिला अध्यक्ष अमित सहारन के नेतृत्व में संगठन द्वारा पीएम श्री रा बा मोहता उ मा विद्यालय राजगढ़ स्टॉफ सदस्यों द्वारा कार्यालय के सामने धरने पर बैठे संघर्ष समिति को संगठन कि तरफ से शुक्रवार शाम पांच बजे धरने को समर्थन दिया गया एंव सीबीईओ को निष्पक्ष जाँच हेतु ज्ञापन सौपा गया एंव उसके बाद एसडीएम को भी निष्पक्ष जाँच हेतु ज्ञापन सौपा गया। रेसला ब्लॉक अध्यक्ष राजगढ़ मनोज गोठवाल, सिद्धमुख ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश बिजारणियां, रजनीश धुँवा, जिला कोषाध्यक्ष गूगन जांगिड़, कुलदीप चाहर, मनोज नेहरा, ओमप्रकाश श्योरान, हनुमान गिर, विजेंद्र पुनियाँ, गोपीचंद खरबास , नरेश जांगिड़, सुरेश घोटिया, धर्माराम टांडी, दिनेश सांगवान, रणपत पुनियाँ, उम्मेद सुनिया, सुभाष चंद्र कलाल, शुभकरण बेनीवाल, सलामुद्दीन, संजय, भीम, मायाचंद बेनीवाल व अन्य साथी उपस्थित रहे।

### ताइक्वांडो विजेता का स्वागत

**चूरू (निसं)।** गत 11 मई से 13 मई को यूएई के फ़ुजेरा में आयोजित हुई वर्ल्ड ताइक्वांडो कैडेट चैंपियनशिप में बीकानेर के रघुराज सिंह ने कांस्य पदक जीत कर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया। ताइक्वांडो कोच हेमंत भाटी ने बताया कि रघुराज सिंह के कोच वीरेंद्र योगी ने जानकारी दी कि फ़ुजेरा में आयोजित हुई प्रतियोगिता में भारत से 20 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें रघुराज सिंह ने राजस्थान में प्रथम व देश का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय पदक प्राप्त किया है। रघुराज सिंह की इस सफलता पर शुक्रवार को अग्रसेन नगर में भाटी मार्शल आर्ट्स एकेडमी में हुये एक कार्यक्रम में बेलमाउंट हाई स्कूल की प्रधानाचार्य नीतू नेहरा के नेतृत्व में रघुराज का माल्र्यापण कर व प्रतिक चिन्ह प्रदान कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नेशनल खिलाडी चंद्रकला भांभू, सरिता, राव्या जांगिड़, भाव्या नेहरा, कानन चौधरी, रावी शर्मा, रौनक, भुवनेश, माही तंवर, प्रतीक आदि उपस्थित थे।

### कुंड में गिरने से चार वर्षीय बालक की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** गांव अमरपुरा की रोही में खेल-खेल में एक चार वर्षीय बालक की पानी के कुंड में गिर जाने के कारण मृत्यु हो गई। शुक्रवार दोपहर दो बजे मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि मनजीत कुमार पुत्र भंवरलाल जाट उम्र 25 साल निवासी अमरपुरा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसका भतीजा हिमांशु पुत्र श्यामलाल उम्र 4 वर्ष तकरीबन 6 बजे खेत में बने पानी के कुंड में गिर गया। जिसको कुंड से बाहर निकालने के बाद अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दर्ज मामले में बताया गया है कि घटना के वक्त घर के लोग खेत में काम कर रहे थे। तथा बच्चे खेल रहे थे। खेल-खेल में ही हिमांशु पानी के कुंड में गिर गया और मौत हो गई। पुलिस ने सुचना मिलने के बाद घटना का मौका निरीक्षण किया और मृतक बालक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया तथा मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

# राजलदेसर में पंचायत समिति बनाने को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया



कस्बे में लंबे समय से पंचायत समिति बनाने की मांग जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाई जा रही है।

**राजलदेसर (निसं)।** कस्बे में लंबे समय से पंचायत समिति बनाने की मांग जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाई जा रही है इसी के तहत राजलदेसर तहसील में आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के सरपंचों ने एवं सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व सामाजिक संगठनों ने चूरू जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा को ज्ञापन सौंपकर अवगत करवाया कि राजलदेसर कस्बे की सबसे महत्वपूर्ण मांग है एवं पंचायत के अधीन जितनी भी गाइडलाइन आती है उनको फॉलो कर रही है।

साथ ही चुरू जिले के अंदर सबसे अच्छी पंचायत समिति अगर नए सिरे से गठन होकर बनेगी तो राजलदेसर एक नंबर की होगी। जिला कलेक्टर ने कहा आपके ज्ञापन पर ध्यान पूर्वक विचार करके आगे भेजा जाएगा इस अवसर पर राजस्थान गौ ग्राम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ललित दाधीच ने कहा छोटे-छोटे ग्रामीण इलाकों को पंचायत समिति बनाया जा रहा है लेकिन राजलदेसर कस्बा सबसे बड़ा कस्बा है।

साथ ही यहां पर हर डिपार्टमेंट कार्यरत है साथ ही लंबे समय से यह मांग चल रही है जो की राजलदेसर ही नहीं अपितु आसपास के ग्रामीण इलाकों की महत्वपूर्ण मांग है । वहीं आलसर सरपंच भानीराम मेघवाल ने कहा राजलदेसर कस्बे में पंचायत समिति बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के सरपंचों को अपने छोटे-मोटे कार्यों के लिए रतनगढ़ नहीं जाना पडेगा। भरपालसर सरपंच दातारसिंह ने कहा कि राजलदेसर में पंचायत बनने पर आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी।

सरकार को ग्रामीण क्षेत्र की महत्वपूर्ण माँग को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द राजलदेसर में पंचायत समिति बनाने का प्रस्ताव जारी करना चाहिए। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष भागीरथ गोदारा ने कहा लंबे समय से जनप्रतिनिधियों के द्वारा मांग की जा रही है इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए एवं अति शीघ्र राजलदेसर को पंचायत समिति का दर्जा देना चाहिए। लाछड़सर सरपंच प्रतिनिधि जगदीश सहू ने कहा ये बहुत महत्वपूर्ण मांग है इस पर सरकार को विचार करना चाहिए एवं अति शीघ्र राजलदेसर में पंचायत समिति की घोषणा होनी चाहिए।

वही युवा नेता सांवरमल ढाका ने कहा राजलदेसर तहसील मैं जो नियम आते हैं सभी तरह के नियम पंचायत समिति बनाने में फॉलो करती है एवं ग्रामीण क्षेत्र की मांग एवं कस्बे की मांग को देखते हुए पंचायत समिति कार्यालय अति शीघ्र खोलना चाहिए। प. उमाशंकर दाधीच ने कहा राजलदेसर मैं आसपास के अनेको ग्रामीण क्षेत्र हैं उन लोगों की लंबे समय से मांग चल रही है एवं जो परिसीमन हो रहा है उसके तहत राजलदेसर में हर हालत में पंचायत समिति बननी चाहिए।

अखिल भारतीय किसान सभा के तहसील अध्यक्ष भादर भांमू ने कहा किसानों को छोटे मोटे कार्य के लिए रतनगढ़ जाना पड़ता है साथ ही समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पडता है यह राजलदेसर कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों की महत्वपूर्ण मांग है इस पर सरकार को निर्णय लेना चाहिए।

पुरुषोत्तम पारीक ने कहा कि राजलदेसर में पंचायत समिति हर हालत में बनी चाहिए पंचायत समिति बनने के बाद राजलदेसर कस्बा और अधिक प्रगति करेगा। सावत सिंह ने कहा पंचायत समिति बनने के बाद अनेकों अधिकारी गण यहां पर पद स्थापित होंगे। जिससे छोटे-मोटे कार्य यहीं पर शुरू हो जाएंगे एवं कस्बे में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

**ये रहे उपस्थित:-** पायली सरपंच राजेंद्र सिंह ,सिमसिया सरपंच परमेश्वर लाल, बीनादेसर सरपंच प्रतिनिधि मनोज सारस्वत, बीरबल सारस्वत, सावंत सिंह कॉपरेटिव अध्यक्ष, करणीसिंह भरपालसर, गोविंद नाथ छाजूसर, उपसरपंच धनराज शर्मा, डूंगर राम परसनेऊ, घोल सिंह आलसर, पुरुषोत्तम पारीक, मदन दस्सुसर, धनाराम बिस्सू, जगदीश कुडी जेणनिया, लालसिंह बंडवा , भागुराम सिमसिया, मोहन शर्मा, रिछपाल सिंह पायली, राम पाण्डिया, मूलसिंह, प्रताप सिंह लुणासर, विक्रम सिंह नोसरिया, जितेंद्र सिंह,विक्रम सिंह,शिवरत्न स्वामी दसूसर,सुनील सिंह, सुरज्ञान सिंह, रामचंद्र स्वामी, मदन दाधीच, करणी सिंह बंडवा, लाल सिंह, मनोहर सिंह, नरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह ,धर्मेंद्र ,बनवारी मडा, पवन, उदय शर्मा, रामोतार पांडे, नागरमल शर्मा ,रतनलाल सहित 500 से अधिक आस पास के ग्रामीण क्षेत्र व राजलदेसर के जनप्रतिनिधि सामाजिक संस्था के पदाधिकारी,राजनेता उपस्थित रहे।

## पत्नी ने पति को मारा चाकू,मां ने दर्ज करवाया मुकदमा

**पाटन (निसं)।** समय कितना बदल गया है इसका अंदाजा लगाना बडा मुश्किल हो गया है हर व्यक्ति की चाहत कैसा और परिवार से अलग रहने की हो गई है किसी को लेकर आज ग्राम हसनपुर में एक ऐसी घटना देखने को मिली है जिसको सुनकर लोगों में भाई और रोज दोनों ही देखने को मिले हैं। हसामपुर निवासी संतोष देवी पत्नी महावीर प्रसाद जाति धानका ने रिपोर्ट में लिखा है कि शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे हमारे घर पर जमीन को लेकर कुछ बाते हो रही थी, मेरी पुत्रवधु आरती मेरे बेटे शुशिल की बात नहीं मान रही थी, मेरे बेटे सुशिल ने उसकी पत्नी को काफी समझाने का प्रयास किया मगर वह नहीं मानी और मेरे बेटे से गाली गलोच करने लगी व कमरें के अन्दर से एक चाकू लेकर आयी और मेरे बेटे सुशिल के साथ मारपीट कर उसके पेट पर चाकू मार दिया।

मेरे बेटे को उसकी सगी बहिन ज्योति ने पिछे से पकड लिया और आरती ने चाकू पेट पर मार दिया। मेरे बेट का हसामपुर अस्पताल में इलाज करवाकर पाटन सरकारी अस्पताल में लेकर आये है। मेरे बेटे पर चाकू का वार जान से मारने के लिए किया गया है, बीच बचाव मेरे देवर का लडका रोबिन खरेरा, मिथुन खरेरा व हमारा दामाद गिरधारी ने करवाया।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांकः- एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक :- .....

**-: आपत्ति सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशानार्थ सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री पृथ्वीराम जाति कामड निवासी रावतसर ने आवेदन कर दस्तबरदारी से प्राप्त अपने आवासीय भूखंड पालिका नजूल भूमि वार्ड नं. 15 साईज 232.55 वर्गगज का नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। मूल पटटा श्री पृथ्वीराम पुत्र श्री खेताराम कामड के नाम से दिनांक 29.06.2009 को साईज 232.55 वर्गगज का जारीशुदा है। श्री पृथ्वीराम की मृत्यु दिनांक 06.02.2023 को हो चुकी है। श्री पृथ्वीराम के वारिस श्रीमती धापी देवी (पत्नी), कमला, बनारसी, दर्शना, ईन्द्रा (पुत्रियां), राजेन्द्र कुमार (पुत्र) है। उक्त वारिसों द्वारा उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत दस्तबरदारी दिनांक 21.01.2025 को श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री पृथ्वीराम को दान कर दी। जिसका नामांतरण प्रार्थी नगरपालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। अतः प्रार्थी द्वारा दस्तबरदारी से प्राप्त अपने आवासीय भूखंड का नामांतरण दर्ज करवाने में किसी व्यक्ति को कोई आपति एवं ऐतराज हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नही होगा। सूचित रहे।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर**


# महिला अनाथ आश्रम का शुभारंभ

**सीकर (निसं)।** (पिपराली) सीकर के नजदीक ग्राम पंचायत पिपराली में नीडीब्रिज फाउंडेशन द्वारा संचालित निराश्रित बेसहारा अनाथ महिलाओं के लिए महिला अनाथ आश्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी बालमुकुन्दाचार्य जी महाराज विधायक हवामहल जयपुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भले ही इस सेवा कार्य की शुरुआत छोटी हुई किन्तु आप सबको मिलकर इस सेवा प्रकल्प को आगे बढकर ऊंचाइयां देनी है, सेवा प्रकल्पों की शुरुआत विश्व में सबसे पहले भारत में हुई इसकी शुरुआत में गुरुकुल की शिक्षा महत्वपूर्ण थी गुरुकुल में विद्यार्थियों को वेद,शास्त्र,अस्त्र-शस्त्र व अन्य शिक्षाओं के साथ देश व समाज के सेवा प्रकल्पों की भी शिक्षा दी जाती थी और वह देश व समाज की सेवा करते थे ऐसे अनेक उदाहरण भारतीय संस्कृति में है कुआ बावडी धर्मशाला चिकित्सालय आदि का निर्माण करवा कर उसमें सेवा कार्य करते थे यह भारत की पुरानी परंपरा है और इसी कारण भारत विश्व गुरु कहलाता है यहां की संस्कृति परंपराओं यहां के त्यौहारो उत्सवो व भारत की तरक्की एवं विकास इन सभी में सेवा प्रकल्प जुडे हुए हैं यहां नर को नारायण मानकर सेवा की जाती है पशु केवल अपने लिए जीता है पर मनुष्य औरों के लिए जीता है यही फर्क पशु और मनुष्य में होता है मनुष्य के स्वभाव और भारत की संस्कृति में ही मानव मात्र की सेवा करना है।

सांसद सूबेधानन्द सरस्वती ने कहा की इस आश्रम का उद्देश्य बहुत ही अच्छा है इसमें बेसहारा मंदबुद्धि व अनाथ महिलाओं को आश्रय के साथ चिकित्सा सुविधा भी निस्वार्थ भाव से मिलेंगी। साथ ही हमें समाज में ऐसी जागरूकता भी लानी होगी कि ऐसे आश्रय स्थलों की जरूरत कम से कम पड़े हमें अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोडना होगा।

साथ ही उन्होंने आश्रम के लिए अन्नपूर्णा रसोई में जो भी खाद्य वस्तु लगेगी उसकी अपने आश्रम से देने की घोषणा की।

मंचस्थ सभी वक्ताओं ने कहा की ऐसे सेवा प्रकल्पों से समाज को एक नई दिशा ओर शिक्षा मिलती है ऐसे कार्य में सभी को निस्वार्थ भाव से आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए और साथ में अपने बच्चों को भी ऐसे सेवा प्रकल्पो से जोड़ना चाहिए जिससे उनको भी आगे चलकर ऐसे कार्य करने की प्रेरणा मिले।

कार्यक्रम में आमंत्रित संस्थान से जुड़े कलाकारों ने भी अपने हास्य व गायन से समाज को मैसेज दिया जिसमें रोमी रमन भारत प्रसिद्ध गायिका, राव पम्मी मोटन बॉलीवुड अभिनेत्री, लाडली किरण गायिका, ख्याली सहारण प्रसिद्ध कॉमेडियन, राजवीर बंजारा हास्य कलाकारो ने कहा कि हम इस संस्थान से जुड़े हुए हैं और आप सभी को भी ऐसी संस्थाओं से जुड़कर सेवा कार्य करने का मौका नहीं छोडना चाहिए सभी ने अपने अंदाज में सेवा प्रकल्पों में बढचढ कर भाग लेने का सदेश दिया।

## नये ट्यूबवैल का शुभारंभ

**रतनगढ़ (निसं)** स्थानीय वार्ड संख्या 28 में धोलिया कुएं के पास पिछले एक साल से चल रही पानी की किल्लत का अब स्थाई समाधान हुआ। पार्षद नन्दकिशोर भार्गव के अथक प्रयास से वार्ड के करीब 160 उपभोक्ताओं को अब पर्याप्त पानी मिलेगा। मामले के अनुसार शहर के वार्ड 28 में धोलिया कुए के पास में नया ट्ययूबवेल बनवाया है पेयजल किल्लत से जूझ रहे वार्डवासियों ने समस्या से पार्षद नंदकिशोर भार्गव को अवगत करवाया।

जिस पर पार्षद जलदाय विभाग कार्यालय पहुंचे तथा अधिकारियों को उक्त समस्या बताकर समाधान की मांग की। पार्षद की मांग पर विभाग ने एक नया ट्ययूबवेल बनवाया है , जिसका लाभ वार्ड 28 की 9 गलियों में रहने वाले करीब 160 उपभोक्ताओं को होगा।


**Government of India/भारत सरकार**
**Ministry of Communications/संचार मंत्रालय**
**Department of Telecommunications/दूरसंचार विभाग**
**Office of Controller of Communication Accounts/**
**कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा**
**Sanchar Lekha Bhawan, Jhalana Doongri Institutional Area,**
**Jaipur-302 004**

Ph. No. 0141-2700608 Email: cca.pension-rj@gov.in

पत्र क्रमांकः आरडॉट/8-2/ पेंशन अदालत/2025-26

**पेंशन अदालत**

कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा राजस्थान, जयपुर द्वारा दिनांक 23.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे, कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा, जयपुर में पेंशन अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। जिसमें आप अपनी पेंशन सम्बन्धी अनिर्णित शिकायत, यदि तीन माह से अधिक पुरानी हो तथा पिछली पेंशन अदालत में शामिल नहीं की गयी हो, तो दिनांक 19.05.2025, 03:00 बजे अपराहन तक इस कार्यालय को डाक द्वारा या ई-मेल-cca.pension-rj@gov.in पर भेज सकते है, ताकि उनके निवारण हेतु विचार किया जा सकें। इस पेंशन अदालत में आप स्वमं के खर्चे पर भाग ले सकते है।

वरि. लखिधिकारी (पेंशन)
नियंत्रक संचार लेखा राजस्थान

CBC 06219/12/0001/2526


# वाटर कूलर का लोकार्पण किया

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ के नगर सेठ रहे स्व. सूरजमल मोहता परिवार की ओर से कमला मोहता शीतल जल योजना के तहत एसडीएम कोर्ट राजगढ के मुख्य गेट पर वाटर कूलर लगाया गया है। उक्त वाटर कूलर का लोकार्पण शुक्रवार को मोहता ग्रुप सीईओ डॉ. प्रताप सिंह राठौड और मोहता पब्लिक स्कूल प्राचार्य मनीष शर्मा ने किया। शाम सात बजे दी जानकारी के अनुसार इसी दौरान मोहता ग्रुप लेखाकार मनीष शर्मा, शिवनारायण सहित मोहता ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहे। मोहता ग्रुप चेयरमैन श्रीवर्धन मोहता के प्रतिनिधि डॉ. प्रताप सिंह राठौड ने कहा कि बार संघ राजगढ के कोषाध्यक्ष एडवोकेट गोविंद भोजक एवं विश्व हिंदू परिषद के गोपाल जोशी की प्रेरणा से वाटर कूलर एसडीएम कोर्ट परिसर में लगाया गया है, जिससे एसडीएम कोर्ट में आने वाले आमजन को इस गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। लोकार्पण समारोह में एडवोकेट अध्यक्ष विक्रम पाल जांगिड, उपाध्यक्ष से विजय कुमार, एडवोकेट पुरुषोत्तम सैनी, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट चरण सिंह पूनिया, पूर्व अभियोजन अधिकारी राकेश सांगवान, एडवोकेट प्रदीप कस्वा, एडवोकेट दीवान सिंह श्योराण, एडवोकेट अशोक पूनिया, एडवोकेट हेमंत डोरवाल, एडवोकेट विजय प्रजापत, एडवोकेट बलवान शर्मा, एडवोकेट अनूप सरोलिया एवं नायब तहसीलदार आदि उपस्थित थे।

# चूरू के युवाओं का सेठानी जोहड़ के प्रति दिखा समर्पण



नगर परिषद के सहयोग के लिए आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

**चूरू (निसं)।** ऐतिहासिक धरोहर सेठानी जोहड़ा की स्वच्छता को लेकर चूरू के युवाओं ने एक अनुकरणीय पहल की है। प्रत्येक रविवार को ये युवा अपनी स्वेच्छा से श्रमदान कर जोहडे की सफाई कर रहे हैं।

इसी क्रम में शुक्रवार को चूरू के युवाओं ने नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जोहड़े की सफाई में सहयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर रवि ने बताया कि युवाओं ने अपने स्तर पर सफाई शुरू कर दी है, लेकिन इस कार्य को पूरी तरह संपन्न करने के लिए नगर परिषद का सहयोग आवश्यक है। युवाओं ने मांग की है कि जोहडे के आसपास 4 से 5 कूड़ेदान (डस्टबिन) लगाए जाएं ताकि वहां आने वाले लोग कचरा इधर-उधर न फेंकें और स्वच्छता बनी रहे। इसके साथ ही नगर परिषद द्वारा सफाई कार्य को संगठित रूप में पूरा किया जाए।

आयुक्त अभिलाषा सिंह ने युवाओं के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद् चूरू सदैव ऐसे जनसहभागिता वाले कार्यों को समर्थन देती रही है और भविष्य में भी देती रहेगी।

सेठानी जोहड़ा न केवल एक ऐतिहासिक स्थल है बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण के संरक्षण का प्रतीक भी है।

युवाओं की यह पहल आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणादायी बनेगी। नगर परिषद के सहयोग से अब यह उम्मीद की जा रही है कि यह सांस्कृतिक धरोहर शीघ्र ही अपने पुराने गौरव को प्राप्त करेगी। इस अवसर पर अनिल प्रजापत, आकाश सिंगल, रवि आर्य, सुरेन्द्र क़ुमार, अक्षय चोपड़ा, सुमित जांगिड, पंकज सोनी आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर परिषद, झुन्झुनू (राज.)**

क्रमांक :- एफ-6 भूमि ( ) /2025-26/2135 दिनांक :- 15.05.2025

**सार्वजनिक आपति विज्ञप्ति**

निम्न आवेदकों के द्वारा उनके नाम के सामने अंकित कृषि भूमि नियमन/उप विभाजन, पुर्नगठन, नामान्तरण एवं 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकारचाहने बाबत इस परिषद में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये है। वांछित स्वीकृति/आदेश जारी करने से पूर्व इस संबंध में आपति प्रकाषन की तिथि से 7 दिवस में आपतियां मय सबूत आंमत्रित की जाती है। बाद मियाद आपतियां विचारणीय नहीं होगी।

| क्र.स. | नाम आवेदक/आवेदिका | वांछित स्वीकृति का विवरण | सम्पति का विवरण जिसके सम्बन्ध में स्वीकृति चाही जा रही है। | खसरा संख्या | ऑनलाइन पत्रावली क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवकरण सिंह/दयानन्द | कृषि भूमि नियमन | श्याम नगर, गुढा रोड भाग-12, भू.सं. 232 का क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज | 3641,3642 | 184101 |
| 2 | अनिता कुमारी/राकेश कुमार | कृषि भूमि नियमन | श्याम नगर गुढा रोड भाग-08, भू.सं. 197 का क्षेत्रफल 204.19 वर्गगज | 3580 | 213863 |
| 3 | अनिल कुमार/रामनिवास डुडी | कृषि भूमि नियमन | शास्त्री नगर, वारिसपुरा रोड भाग-07, भू.सं. 248, 249 का भाग का क्षेत्रफल 220.00 वर्गगज | 4132/3314 | 219187 |
| 4 | अनिल कुमार/रामनिवास डुडी | कृषि भूमि नियमन | शास्त्री नगर, वारिसपुरा रोड भाग-07, भू.सं. 248, 249 का भाग का क्षेत्रफल 220.00 वर्गगज | 2954 | 213581 |
| 5 | कुन्दन सिंह/बक्सु सिंह | कृषि भूमि नियमन | मण्ड्रेला रोड व हमीरी रोड के मध्य का भाग-04, भू.सं. 43 का भाग का क्षेत्रफल 586.13 वर्गगज | 481 | 213992 |
| 6 | सुमेर सिंह/बक्सु सिंह | कृषि भूमि नियमन | मण्ड्रेला रोड व हमीरी रोड के मध्य का क्षेत्र भाग-04, भू.सं. 44 व 45 का भाग का क्षेत्रफल 615.68 वर्गगज | 481 | 213989 |
| 7 | राजबाला/संजय कुमार | कृषि भूमि नियमन | संतोष नगर, वारिसपुरा रोड भाग-02, भू.सं. 35,36 का क्षेत्रफल 244.44 वर्गगज | 793 | 219268 |
| 8 | सुनिता/योगेश सागवान | कृषि भूमि नियमन | संतोष नगर, वारिसपुरा रोड भाग-04, भू.सं. 27 का भाग का क्षेत्रफल 216.66 वर्गगज | 820 | 216684 |
| 9 | सजना देवी/बीरबलराम | कृषि भूमि नियमन | सैनिक नगर गुढा रोड भाग-02, भू.सं. 70 का क्षेत्रफल 638.50 वर्गगज | 3200 | 217283 |
| 10 | सजना देवी/बीरबलराम | कृषि भूमि नियमन | सैनिक नगर गुढा रोड भाग-02, भू.सं. 73 का क्षेत्रफल 86.40 वर्गगज | 3200 | 217290 |
| 11 | कुरसेद/यासीन खान | कृषि भूमि नियमन | रसीरा सर्किल के उत्तर का भाग, भू.सं. 224 का भाग का क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज | 1063 | 216841 |
| 12 | रामकृष्ण कालिया/मक्खनलाल | कृषि भूमि नियमन | अणगासर रोड और सुरज कॉलोनी के आस पास का क्षेत्र भाग-02, भू.सं. 212 डी का क्षेत्रफल 288.00 वर्गगज | 1341 | 217658 |
| 13 | उर्मिला देवी/चन्द्र प्रकाश | कृषि भूमि नियमन | मोदी रोड के आस पास का क्षेत्र, भू.सं. 230 का भाग का क्षेत्रफल 450.00 वर्गगज | 2652, 2654 | 218788 |
| 14 | सुनिता देवी/कमल बाक्याण | कृषि भूमि नियमन | मण्ड्रेला रोड गंदा पानी नाला के दक्षिण का भाग-02, भू.सं. 08 का भाग का क्षेत्रफल 355.55 वर्गगज | 811 | 216623 |
| 15 | सुनिता देवी/जयसिंह | कृषि भूमि नियमन | अग्रसेन सर्किल के आस पास का क्षेत्र भाग-02, भू.सं. ए-03 का क्षेत्रफल 192.66 वर्गगज | 2412 | 217418 |
| 16 | रतनलाल/नन्दलाल प्रजापति | कृषि भूमि नियमन | श्याम नगर गुढा रोड भाग-12, भू.सं. 129 का क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज | 3632 से 3640 | 217434 |
| 17 | हरीराम सोयल/खींवाराम | कृषि भूमि नियमन | सीकर रेल्वे लाईन के दक्षिण का भाग-02, भू.सं. 02 का क्षेत्रफल 272.87 वर्गगज | 676 | 217707 |
| 18 | अरूण कुमार/अर्जुन सिंह | कृषि भूमि नियमन | शास्त्री नगर वारिसपुरा रोड भाग-07, भू.सं. 181 का क्षेत्रफल 208.00 वर्गगज | 3307 | 217968 |
| 19 | संजू शर्मा/मनोज कुमार शर्मा | कृषि भूमि नियमन | अग्रसेन सर्किल के आस पास का क्षेत्र भू.सं. 43 का भाग का क्षेत्रफल 265.50 वर्गगज | 2109 | 219249 |
| 20 | प्रभुदयाल/कुरड़ाराम | कृषि भूमि नियमन | गणपति नगर भाग-01, भू.सं. 67 का भाग का क्षेत्रफल 275.00 वर्गगज | 1421 | 218637 |
| 21 | गुन्जन पूनिया/प्रभुसिंह पूनिया | कृषि भूमि नियमन | सीकर रेल्वे फाटक के दक्षिण का भाग, भू.सं. 100 का भाग का क्षेत्रफल 406.00 वर्गगज | 652 | 217626 |
| 22 | प्रमोद देवी/कुलदीप सिंह | कृषि भूमि नियमन | सरस्वती कॉलोनी 2क, भू.सं. 15 का क्षेत्रफल 184.24 वर्गगज | 575 | 218755 |
| 23 | मिनाक्षी शर्मा/सत्य प्रकाश | कृषि भूमि नियमन | सूर्य विहार भर्ती दफ्तर व खेमी सती मन्दिर के आस पास का क्षेत्र, भू.सं. ए-04 का क्षेत्रफल 119.26 वर्गगज | 2509, 2509/4031 | 187403 |
| 24 | अनिता कुमारी/सुनिल कुमार | कृषि भूमि नियमन | संतोष नगर वारिसपुरा रोड, भाग-03, भू.सं. 43 का क्षेत्रफल 128.33 वर्गगज | 789 | 219663 |
| 25 | सन्तोष/राधेश्याम सैनी | कृषि भूमि नियमन | श्याम नगर गुढा रोड, भाग-12, भू.सं. 180 का क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज | 3634 | 21966 |
| 26 | सुरेन्द्र आबुसरिया/रामचन्द्र आबुसरिया | कृषि भूमि नियमन | मण्ड्रेला रोड व हमीरी रोड के मध्य का क्षेत्र भाग-05, भू.सं. 32,33,34 का क्षेत्रफल 1617.41 वर्गगज | 454, 455 | 219853 |
| 27 | ममता चौधरी/राकेश मातवा | कृषि भूमि नियमन | मण्ड्रेला रोड व हमीरी रोड के मध्य का क्षेत्र भाग-05, भू.सं. 23 का क्षेत्रफल 287.77 वर्गगज | 453 | 220051 |
| 28 | जोधाराम/लूणाराम | कृषि भूमि नियमन | सीकर रेल्वे फाटक के दक्षिण का भाग-02, भू.सं. 58 का क्षेत्रफल 200 वर्गगज | 678 | 216225 |
| 29 | जोधाराम/लूणाराम | कृषि भूमि नियमन | सीकर रेल्वे फाटक के दक्षिण का भाग-02, भू.सं. 59 का क्षेत्रफल 200 वर्गगज | 678 | 216227 |
| 30 | जोधाराम/लूणाराम | कृषि भूमि नियमन | सीकर रेल्वे फाटक के दक्षिण का भाग-02, भू.सं. 72 का भाग का क्षेत्रफल 550 वर्गगज | 678 | 216229 |
| 31 | चित्रकेतु गोयल/विजय भारती | 69 क | वार्ड न.24,खेमी सती रोड, झुंझुनूं, में आवासीय भूखण्ड का क्षेत्रफल 1287.81 वर्गमीटर एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर-चित्रकेतु का मकान, दक्षिण- रास्ता 23'6", पूर्व- रास्ता 20'-0", पश्चिम- विनोद मोदी का मकान | - | 219695 |
| 32 | चित्रकेतु गोयल/विजय भारती | 69 क | वार्ड न.24,खेमी सती रोड, झुंझुनूं, में आवासीय भूखण्ड का क्षेत्रफल 1292.24 वर्गमीटर एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर-चित्रकेतु का मकान, दक्षिण- चित्रकेतु गोयल का मकान, पूर्व- रास्ता 18'-0", पश्चिम- विनोद मोदी का मकान | - | 219694 |
| 33 | चित्रकेतु गोयल/विजय भारती | 69 क | वार्ड न.24,खेमी सती रोड, झुंझुनूं, में आवासीय भूखण्ड का क्षेत्रफल 1283.19 वर्गमीटर एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर-चित्रकेतु का मकान, दक्षिण- रास्ता 24'-0"', पूर्व- रास्ता 18'-0", पश्चिम- विनोद मोदी का मकान | - | 219696 |
| 34 | चित्रकेतु गोयल/विजय भारती | 69 क | वार्ड न.24,खेमी सती रोड, झुंझुनूं, में आवासीय भूखण्ड का क्षेत्रफल 170.38 वर्गमीटर एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर-अन्नपूर्णा कॉम्लेक्स, दक्षिण- चित्रकेतु गोयल का मकान, पूर्व- रास्ता 18'-0", पश्चिम- चित्रकेतु गोयल का मकान | - | 217403 |
| 35 | ललिता देवी सोनी/हरीश कुमार | 69 क | मेदियों की जाव, झुंझुनूं, में आवासीय भूखण्ड संख्या 120 का क्षेत्रफल 200 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर-भू.सं. 121, दक्षिण- भू.सं. 119, पूर्व- भू.सं. 126 व 127, पश्चिम- रास्ता 15'-0" फिट | - | 214446 |
| 36 | शुभम टीबड़ा/सुशील कुमार टीबड़ा | 69 क | फुटला बाजार, झुंझुनूं, में आवासीय भूखण्ड का क्षेत्रफल 31.42 वर्गमीटर एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर-आमीन का मकान, दक्षिण- रास्ता 16'.8" फिट, पूर्व- रास्ता 13'9", पश्चिम- रामकुमार एण्ड सन्स | - | 165253 |
| 37 | अजरुदीन/हाकिम अली | 69 क | मोहल्ला बटवालान, झुंझुनूं, में आवासीय भूखण्ड का क्षेत्रफल 277 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर-हाजी मोजुदीन का मकान, दक्षिण- जीवन खां का मकान पूर्व- रास्ता आम रास्ता, पश्चिम- बशीर अहमद का मकान | - | 218871 |
| 38 | सुहैल अहमद/मोहम्मद इदरीश | 69 क | खीदरसर, झुंझुनूं, में आवासीय भूखण्ड का क्षेत्रफल 714.18 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर- झुंझुनूं सीकर रोड, दक्षिण- रास्ता 20 फिट पूर्व- रास्ता आम रास्ता, पश्चिम- प्रकाश चन्द का मकान | - | - |
| 39 | विनोद जानू/योगेश जानू | फ्री-होल्ड पट्टा | दीनदयाल नगर, भू.सं. ए-15, का क्षेत्रफल 138.88 वर्गगज | - | - |

राज.संवाद/सी/25/2395 **आयुक्त**